हिसार-पीलीबंगा सड़क पर कुछ दुर्घटनाओं की सूचना मिली है। निधियों के अभाव के कारण हिसार शहर के दक्षिणी छोर पर बाईपास का निर्माण कार्य शुरू करना संभव नहीं हो पाया है।

खाद्य प्रसंस्करण संबंधी विदेशी उद्यमों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापना किया जाना

200. **श्री नागमणि:**
चौधरी हरमोहन सिंह:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार खाद्य प्रसंस्करण संबंधी विदेशी उद्यमों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित करने में असफल रही है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) गत दो वर्षों के दौरान राज्य-वार किन-किन विदेशी खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को अनुमति दी गई है?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव): (क) और (ख) जी नहीं। उदारीकरण के बाद अर्थात् जुलाई 1991 से दिसम्बर, 1995 तक खाद्य प्रसंस्करण के विभिन्न क्षेत्रों में यूनिटें स्थापित करने के लिए अनुमोदित 3349 करोड़ रु० के कुल विदेशी और अनिवासी भारतीय इक्विटी निवेश में से लगभग 3000 करोड़ रु० का विदेशी और अनिवासी भारतीय इक्विटी निवेश गैर-शहरी तथा ग्रामीण इलाकों में स्थापित किए जाने वाले उद्योगों के लिए हैं।

(ग) हालांकि 1994-95 और 1995-96 के दौरान बड़ी संख्या में विदेशी निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है, प्रत्यक्षतः या संयुक्त उद्यम में निवेश के लिए मंजूरी प्राप्त कुछ प्रमुख विदेशी खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों की सूची विवरण के रूप में संलग्न है।

विवरण

कुछ प्रमुख विदेशी कंपनियों के ब्यौरे जिनके खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र संबंधी प्रस्तावों को 1994-95 तथा 1995-96 के दौरान मंजूरी दी गई है

क्रम सं०	विदेशी कंपनी का नाम	राज्य जिसमें प्रस्तावित यूनिट स्थापित की जानी है
1.	पिल्सबरी कं० अमरीका	महाराष्ट्र
2.	मक्केन फूड्स लि०, कनाडा	उत्तर प्रदेश/पंजाब
3.	सीग्राम कं० लि०, कनाडा	उत्तर प्रदेश
4.	देरा एग्रो टेक्नोलॉजिज, इस्त्रायल	तमिलनाडु
5.	वर्नीपिलिप एंड कं० ऑस्ट्रेलिया	प० बंगाल
6.	चुपाचुप कनफेक्शनरी, हॉलैंड	तमिलनाडु
7.	ग्रुप डैनोन, फ्रांस	स्थान का उल्लेख नहीं है
8.	व्हाइट एंड मैके, यू०के०	उत्तर प्रदेश
9.	पर्नोड रिकार्ड, यू०के०	महाराष्ट्र
10.	ब्राउन फोर्मेन, यू०के०	पंजाब
11.	थाइसेन राइनस्टॉल टेक्नालाजी, जर्मनी	महाराष्ट्र
12.	सी०पी०सी० इन्टरनेशनल, अमरीका	महाराष्ट्र
13.	डोहलर जी एम बी एच जर्मनी	तमिलनाडु
14.	फार्म फ्राइटस बी०वी०, हालैंड	प० बंगाल
15.	डलसेम वैसिऐप बी०वी०, हालैंड	राजस्थान, आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश
16.	फ्रैंकलिन मशरूम इंक० अमरीका	प० बंगाल, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र
17.	सेफ्टी हैन्डल्स जीएम बी०एच०, जर्मनी	केरल, प० बंगाल, आंध्र प्रदेश
18.	एग्री सिस्टम बी०वी०, हालैंड	आंध्र प्रदेश
19.	मेकन एग्री लि०, उत्तरी आयरलैंड	हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश
20.	जर्लिन होल्डिंग्स, हॉलैंड	महाराष्ट्र